**उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,**
**पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर,**
**लखनऊ – 226010**

**संख्या-76 /03/कम्प्यूटर अनुभाग (बारह)/2022-23/01-परीक्षा/2022**

लखनऊ : दिनांक : 13 सितम्बर, 2023

आयोग के विज्ञापन संख्या-01-परीक्षा/2022, राजस्व लेखपाल मुख्य परीक्षा(प्रा0अ0प0-2021)/02 के अंतर्गत राजस्व परिषद, उ0प्र0, लखनऊ के नियंत्रणाधीन राजस्व लेखपाल के कुल रिक्त 8085 पदों पर चयन हेतु भारत के नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये थे, जिसमें आनलाइन आवेदन सबमिट करने की अंतिम तिथि 28.01.2022 थी। प्रश्नगत विज्ञापन की लिखित परीक्षा दिनांक 31.07.2022 को आयोजित की गयी थी। उक्त लिखित परीक्षा के स्कोर के आधार पर राजस्व लेखपाल पदों पर चयन हेतु अर्हता/अभिलेख परीक्षण के लिये चिन्हित 27455 अभ्यर्थियों का परिणाम दिनांक 02.05.2023 को घोषित किया गया था।

अर्हता/अभिलेख परीक्षण के लिये चिन्हित 27455 अभ्यर्थियों में से कुल 22 अभ्यर्थियों को उक्त परीक्षा से डिबार/ वंचित करते हुये अर्हता/अभिलेख परीक्षण हेतु चिन्हित/शार्टलिस्टेड अभ्यर्थियों की सूची से बाहर किये जाने तथा ''अनुचित साधन प्रयोग'' (Unfair Means-UFM) सम्बन्धी श्रेणी में चिन्हित किये जाने का निर्णय मा0 आयोग द्वारा लिया गया है।

तदनुक्रम में लिखित परीक्षा के स्कोर के आधार पर राजस्व लेखपाल के पदों पर चयन हेतु अर्हता/अभिलेख परीक्षण के लिये चिन्हित 27455 अभ्यर्थियों की सूची से 22 अभ्यर्थियों को बाहर करते हुए अवशेष 27433 अभ्यर्थियों का अर्हता/अभिलेख परीक्षण निम्नलिखित कार्यक्रम के अनुसार **उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, तृतीय तल, पिकप भवन, विभूतिखंड, गोमतीनगर, लखनऊ** स्थित कार्यालय में आयोजित किया जाएगा-

| क्रं | तिथि | अभ्यर्थियों की संख्या प्रथम पाली ( प्रातः 10:00 बजे) | अभ्यर्थियों की संख्या द्वितीय पाली (अपराह्न 01:30 बजे) | कुल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 19.09.2023 | 350 | 350 | 700 |
| 2 | 20.09.2023 | 350 | 350 | 700 |
| 3 | 21.09.2023 | 350 | 350 | 700 |
| 4 | 22.09.2023 | 350 | 350 | 700 |
| 5 | 25.09.2023 | 350 | 350 | 700 |
| 6 | 26.09.2023 | 350 | 350 | 700 |
| 7 | 27.09.2023 | 350 | 350 | 700 |
| 8 | 29.09.2023 | 350 | 350 | 700 |
| 9 | 03.10.2023 | 350 | 350 | 700 |
| 10 | 04.10.2023 | 350 | 350 | 700 |
| 11 | 05.10.2023 | 350 | 350 | 700 |
| 12 | 06.10.2023 | 350 | 350 | 700 |
| 13 | 09.10.2023 | 350 | 350 | 700 |
| 14 | 10.10.2023 | 350 | 350 | 700 |
| 15 | 11.10.2023 | 350 | 350 | 700 |
| 16 | 12.10.2023 | 350 | 350 | 700 |
| 17 | 13.10.2023 | 350 | 350 | 700 |
| 18 | 16.10.2023 | 350 | 350 | 700 |
| 19 | 17.10.2023 | 350 | 350 | 700 |
| 20 | 18.10.2023 | 350 | 350 | 700 |
| 21 | 19.10.2023 | 350 | 350 | 700 |

| क्रं | तिथि | अभ्यर्थियों की संख्या प्रथम पाली ( प्रातः 10:00 बजे) | अभ्यर्थियों की संख्या द्वितीय पाली (अपराह्न 01:30 बजे) | कुल |
|---|---|---|---|---|
| 22 | 20.10.2023 | 350 | 350 | 700 |
| 23 | 01.11.2023 | 350 | 350 | 700 |
| 24 | 02.11.2023 | 350 | 350 | 700 |
| 25 | 03.11.2023 | 350 | 350 | 700 |
| 26 | 06.11.2023 | 350 | 350 | 700 |
| 27 | 07.11.2023 | 350 | 350 | 700 |
| 28 | 08.11.2023 | 350 | 350 | 700 |
| 29 | 09.11.2023 | 350 | 350 | 700 |
| 30 | 10.11.2023 | 350 | 350 | 700 |
| 31 | 16.11.2023 | 350 | 350 | 700 |
| 32 | 17.11.2023 | 350 | 350 | 700 |
| 33 | 18.11.2023 | 350 | 350 | 700 |
| 34 | 20.11.2023 | 350 | 350 | 700 |
| 35 | 21.11.2023 | 350 | 350 | 700 |
| 36 | 22.11.2023 | 350 | 350 | 700 |
| 37 | 23.11.2023 | 350 | 350 | 700 |
| 38 | 28.11.2023 | 350 | 350 | 700 |
| 39 | 29.11.2023 | 350 | 350 | 700 |
| 40 | 30.11.2023 | 133 | - | 133 |
| कुल | | | | 27433 |

विज्ञापन संख्या-01-परीक्षा/2022, राजस्व लेखपाल मुख्य परीक्षा(प्रा0अ0प0-2021)/02 के अंतर्गत लिखित परीक्षा के स्कोर के आधार पर अर्हता/ अभिलेख परीक्षण हेतु चिन्हित अवशेष 27433 अभ्यर्थियों को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि उनके Document Verification Letter व अन्य 04 प्रपत्र आयोग की वेबसाइट upsssc.gov.in पर अपलोड कर दिये गए हैं।

सम्बन्धित अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट के Homepage पर उपलब्ध Examination/Interview Segment के अंतर्गत Download Document Verification Letter पर क्लिक कर, वांछित प्रविष्टियां अंकित करते हुए अपने Document Verification Letter व अन्य 04 प्रपत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि अर्हता/ अभिलेख परीक्षण के समय अभ्यर्थियों के शैक्षिक अभिलेखों, आरक्षण सम्बन्धी प्रमाण पत्रों एवं आयु में शिथिलता के समर्थन में प्रस्तुत किये जाने वाले प्रमाण पत्रों/ अभिलेखों का मूल प्रमाण पत्रों/ अभिलेखों से मिलान व गहनता से परीक्षण किया जाएगा। अतः अभिलेख परीक्षण हेतु उपस्थित होने वाले अभ्यर्थी प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत विज्ञापित अनिवार्य अर्हता के सापेक्ष समस्त अंकपत्र व प्रमाण पत्र, आरक्षण सम्बन्धी प्रमाण पत्र एवं आयु में शिथिलता के समर्थन में प्रमाण पत्र की मूल प्रतियों तथा उनकी छायाप्रतियों (स्वहस्ताक्षरित), पासपोर्ट साइज के 02 रंगीन फोटोग्राफ के साथ ही डाऊनलोड किये गए Document Verification Letter व अन्य 04 प्रपत्रों की मुद्रित प्रतियों में वांछित प्रविष्टियां अंकित कर, निर्धारित तिथि व समय पर **उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, तृतीय तल, पिकप भवन, विभूतिखंड, गोमतीनगर, लखनऊ** में अभिलेख परीक्षण हेतु उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

**अभ्यर्थियों से यह अपेक्षित है कि वह अर्हता/ अभिलेख परीक्षण हेतु फोटोयुक्त पहचान पत्र (आधार कार्ड इत्यादि) की मूलप्रति एवं छायाप्रति अवश्य लेकर उपस्थित हों।**

अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया जाता है कि किसी उचित कारण से यदि कोई अभ्यर्थी निर्धारित तिथि को अर्हता / अभिलेख परीक्षण हेतु अनुपस्थित रहता है तथा इसकी जानकारी लिखित रूप में अभ्यर्थी द्वारा दिनांक 30.11.2023 को पूर्वाह्न 11.00 बजे तक आयोग कार्यालय में दी जाती है तो आयोग की अनुमति के उपरान्त उसे दिनांक 30.11.2023 को अर्हता / अभिलेख परीक्षण हेतु उपस्थित होने का अवसर प्रदान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त अर्हता / अभिलेख परीक्षण हेतु कोई अन्य अवसर प्रदान नहीं किया जाएगा।

उक्त अभ्यर्थियों का अर्हता/अभिलेख परीक्षण प्रश्नगत विज्ञापन/ परीक्षा से सम्बन्धित मा0 उच्च न्यायालय में योजित/ विचाराधीन रिट याचिकाओं/ विशेष अपीलों व मा0 उच्चतम न्यायालय में योजित/ विचाराधीन विशेष अनुज्ञा याचिका (डायरी संख्या-24736/2023)-श्रीधर यादव तथा अन्य प्रति उ0प्र0 राज्य तथा अन्य एवं विशेष अनुज्ञा याचिका (डायरी संख्या-28484/2023)-प्राची यादव तथा अन्य प्रति उ0प्र0 राज्य तथा अन्य में पारित होने वाले निर्णयों के अधीन होगा।

13/09/2023

(अवनीश सक्सेना)
सचिव।